Misc.

No. EDN-SE (10) F (13) 03/2026
Directorate of School Education
Himachal Pradesh

Deputy Director
08 SEP 2026
Diary No. 5738
Kangra at Dharamshala

**Dated: Shimla-171001 the September, 2026**

To

All the Deputy Director of School Education
(Secondary/ Elementary)
Himachal Pradesh

**Subject:-** ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत कक्षा 5 वीं, 6वीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') के विद्यार्थियों हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

Please find enclosed herewith a copy of letter No. एसजेवीएन / सीएचक्यू / मा.सं. / औ.सं. एवं कल्याण / 7887 dated 20.08.2026 alongwith its enclosures received from the General Manager, Nodal Officer (Painting Competition-2026), SJVN Limited, Shakti Sadan, Shanan, P.O. Sanjauli, District Shimla, Himachal Pradesh, on the subject cited above.

In this context, it is informed that the SJVN Limited is organizing a painting competition on energy conservation for students of Class 5th, 6th & 7th (Group 'A') and Class 8th, 9th & 10th (Group 'B') for which detailed guidelines and information are enclosed herewith. Now therefore you are directed to examine the matter and circulate the same amongst all the Heads of schools under your jurisdiction and encourage the students to participate in the above said Painting Competition under intimation to the quarters concerned with in stipulated period please.

Addl. Director School Education
Himachal Pradesh

Endst. No. EDN-KGR (Misc) 2026
Office of the Deputy Director of School Education (Secondary)
Kangra at Dharamshala.
E mail Address ddhekangra3@gmaill.com
Dated Dharamshala - 176215 09-09-2026

Deputy Director of
School Education (Sec)
10 SEP 2026
Dispatch No. 7742-49
Kangra at Dharamshala

Copy forwarded to:-

01. All the Principals/Headmasters of Govt. Sr. Sec. Schools/Govt. High Schools of District Kangra for further necessary compliance as per above directions.
02. The Director of School Education H.P. Shimla-1 for information please.
03. I.T. incharge (internal) to upload this on website.
04. Guard File.

**Dy. Director of School Education (Sec.)**
**Kangra at Dharamshala**

एसजेवीएन लिमिटेड
SJVN Limited
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Navratna CPSE
Corporate Human Resource Department

6772
25/8/26 Gov

DSE 840
24-8-26

एसजेवीएन
SJVN

एसजेवीएन / सीएचक्यू / मा.सं. / औ.सं.एवं कल्याण / 7387

20.08.2026

सेवा मे
निदेशक, स्कूली शिक्षा
शिक्षा निदेशालय, लालपानी
जिला शिमला, हि. प्र.

विषय: ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') के विद्यार्थियों हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन।

महोदय/महोदया,

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य में ऊर्जा संरक्षण विषयक पेंटिंग प्रतियोगिता का समन्वय एवं आयोजन करने का दायित्व एसजेवीएन लिमिटेड को सौंपा गया है।

इस क्रम में, गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसजेवीएन लिमिटेड द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत कक्षा 5वीं, 6ठीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') तक के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश/जानकारी की रूपरेखा संलग्न की जा रही है। आपसे सादर अनुरोध है कि कृपया अपने अधीन कार्यरत जिला उपनिदेशकों/ जिला सहायक निदेशकों को आवश्यक निर्देश प्रदान करें, ताकि वे संबधित प्रधानाचार्यों/ प्रधानाध्यापिकाओं को अवगत करा सकें और प्रतियोगिता में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

ऊर्जा संरक्षण के इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता हेतु आपका सक्रिय सहयोग अत्यंत अपेक्षित है।

सादर धन्यवाद।

Ms Ritu
25/8/26
22/08/26

भवदीय

(सुरेन्द्र शर्मा) 20/8/26
उप महाप्रबंधक (मा.सं.)
राज्य नोडल अधिकारी (पेंटिग प्रतियोगिता -2026 (हि. प्र.)



DNV

एसजेवीएन लिमिटेड
SJVN Limited
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Navratna CPSE
Corporate Human Resource Department

## विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता, 2026 की विस्तृत योजना

स्कूली छात्रों के मध्य ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के माध्यम से स्कूल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता छात्रों को अपनी रचनात्मकता दिखाने और कला के माध्यम से देश के स्थायी भविष्य में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। अपनी कलात्मकता का परिचय दें और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देते हुए उपयुक्त पुरस्कार जीतें।

पात्रता: कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी इस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं। प्रत्येक श्रेणी में जिन विद्यार्थियों ने वर्ष 2023, 2024 और 2025 के दौरान राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते हैं, वे इस वर्ष की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे तथा सांत्वना पुरस्कार विजेता इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। परन्तु पात्र होने पर समूह 'अ' के पुरस्कार विजेता समूह 'ब' में भाग ले सकेंगे।

### सामान्य विषय (Topics)

कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं (समूह 'अ') तथा कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ब') के लिए सामान्य विषय निम्नलिखित हैं:

1. Save Energy at School and Home
2. Energy Conservation is the Key for Energy Security

### स्कूल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता का शेड्यूल

सभी विद्यालय अपने परिसर में समूह 'अ' एवं समूह 'ब' के लिए अलग अलग-2 घंटे की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर, 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में, प्रतिस्पर्धात्मक एवं सुव्यवस्थित तरीके से कर सकते है ।

स्कूल स्तर पर छात्रों को A4 आकार की शीट और पेंटिंग सामग्री जैसे पेंसिल, क्रेयॉन, वाटर कलर का उपयोग करना है। छात्र उपर्युक्त विषयों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। प्रतियोगिता के सभी स्तरों पर पेंटिंग में कोलाज/पैचवर्क के उपयोग की अनुमति नहीं है।

### स्कूल स्तर पर मूल्यांकन:

प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का मूल्यांकन दो सदस्यीय समिति द्वारा किया जाना चाहिए, जिसमें एक सदस्य अधिमानतः फाइन आर्ट्स का होना चाहिए। यह समिति कक्षा 5, 6 एवं 7 (समूह 'अ') तथा कक्षा 8, 9 एवं 10 (समूह 'ब') से दो-दो सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स का चयन करेगी।

पेंटिंग भेजते समय पेंटिंग के पीछे निम्नलिखित सूचना अवश्य लिखी जाए:

1. छात्र /छात्रा का नाम:
2. स्कूल का नाम:
3. स्कूल का पूरा पता:
4. कक्षा:
5. ग्रुप (समूह) का नाम:
6. माता/पिता अथवा अभिभावक का मोबाइल नं. एवं पूरा पता (अनिवार्य रूप से):
7. स्कूल का नाम व अध्यापक का मोबाइल नं:(अनिवार्य रूप से) .
8. स्कूल के मुख्याध्यापक/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर

**पेंटिंग भेजने की अंतिम तिथि:**

विद्यालय के प्राचार्य प्रत्येक समूह से चयनित दो-दो सर्वश्रेष्ठ चित्रकलाओं (पेंटिंग्स) को पृष्ठ-4 पर उल्लिखित पते पर SJVN के नोडल/समन्वय अधिकारी को **दिनांक 15 अक्टूबर, 2026 तक अथवा बढ़ाई गई तिथि के अनुसार** डाक के माध्यम से अथवा ई-मेल: **paintings.sjvn@gmail.com** पर प्रेषित/उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही, विद्यालय स्तर पर समूहवार चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

**PARTICIPATION DATA SHEET**

SCHOOL NAME..............................

| Total Participants in Group A | Total Participants in Group B | Total Participants (Group A + Group B) |
|---|---|---|
| | | |

## राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता

**पात्रता:** पूरे राज्य के सभी स्कूलों से प्राप्त चयनित पेंटिंग्स में से विशेषज्ञों की समिति/ज्यूरी द्वारा सर्वश्रेष्ठ 50 पेंटिंग्स (प्रत्येक समूह 'अ' एवं 'ब') को राज्य स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा तथा चयनित 50-50 दोनों समूहों के विद्यार्थियों को पत्र/टेलीफोन द्वारा सूचित किया जाएगा।

**नोट: कृपया सुनिश्चित करें कि पेंटिंग्स के पीछे विद्यार्थी का नाम, पता, कॉन्टैक्ट नं. आदि विवरण पूरे तथा स्पष्ट रूप से लिखे हों।**

**समयावधि एवं स्थान:** राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता की अवधि दो घंटे (पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक स्पॉट पेंटिंग) की होगी, जो **दिनांक 14 से 21 नवंबर, 2026** के मध्य शिमला में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के तुरंत बाद ही राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

प्रतिभागिता राशि एवं अन्य:

राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ₹2,000/- प्रति प्रतिभागी की प्रतिभागिता राशि एवं प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रतियोगिता वाले दिवस को प्रदान किए जाएंगे।

प्रतिभागी विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगिता स्थल तक लाने और वापस ले जाने की जिम्मेदारी उनके अभिभावकों अथवा स्कूल की होगी।

SJVN द्वारा समूह 'अ' एवं समूह 'ब' के प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा उनके साथ आए दो अभिभावकों/संरक्षकों (Guardians) को शिमला तक के लघुतम मार्ग के स्लीपर श्रेणी के रेल किराया/चेयरकार/3 ए.सी./राज्य रोडवेज की बस किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

प्रतिभागी विद्यार्थी को अपनी पेंटिंग सामग्री जैसे क्रेयॉन्स, कलर पेंसिल, वाटर कलर, रबर तथा ड्राइंग बोर्ड इत्यादि अपने साथ लानी होगी। आयोजकों द्वारा **A3 Size (Preferably 200-300 gsm)** की ड्राइंग शीट्स प्रतियोगिता स्थल पर ही दी जाएंगी।

राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि:

| पुरस्कार | पुरस्कार राशि |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (01 न.) | ₹50,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार (01 न.) | ₹30,000/- |
| तृतीय पुरस्कार (01 न.) | ₹20,000/- |
| प्रोत्साहन पुरस्कार (10 न.) | ₹7,500/- प्रत्येक |

उपरोक्त पुरस्कारों के साथ समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार की राशि ऑनलाइन बैंक खाते मे ट्रांसफर की जाएगी ।

## राष्ट्रीय स्तर पर पेंटिंग प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित तीन-तीन (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) **सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी (समूह 'अ' एवं समूह 'ब')** दिनांक **11 दिसंबर, 2026** को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

प्रतिभागी के साथ-साथ उनके दो अभिभावकों/संरक्षकों को दिल्ली तक जाने एवं वापस आने के लिए यात्रा तथा दिल्ली में उनके ठहरने की व्यवस्था SJVN द्वारा की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि:

राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को दिनांक **14 दिसंबर, 2026** को दिल्ली में आयोजित होने वाले **"राष्ट्रीय ऊर्जा बचाओ दिवस"** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

| पुरस्कार | पुरस्कार राशि |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (01 न.) | ₹1,00,000/- + Laptop + Gold Medal |
| द्वितीय पुरस्कार (01 न.) | ₹50,000/- + Laptop + Silver Medal |
| तृतीय पुरस्कार (01 न.) | ₹30,000/- + Laptop + Bronze Medal |
| प्रोत्साहन पुरस्कार (10 न.) | ₹15,000/- प्रत्येक +Tablet |

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को उनके माता-पिता सहित जनवरी 2027 में मध्य प्रदेश राज्य की एक निर्देशित शैक्षिक यात्रा पर ले जाया जाएगा। यह यात्रा पूर्णतः बीईई द्वारा प्रायोजित होगी तथा छात्रों की अनुकरणीय रचनात्मकता एवं योगदान के प्रति प्रशंसा एवं प्रोत्साहन के रूप में आयोजित की जाएगी।

**SJVN लिमिटेड के नोडल अधिकारी/कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी एवं पेंटिंग भेजने के लिए पता:**

**नाम:** श्री सुरेन्द्र शर्मा
**पदनाम:** उप महाप्रबंधक (मा.सं.)
**पता:** एसजेवीएन लिमिटेड, शिमला-171006 (हि.प्र.)
**दूरभाष:** 0177-2660287 (कार्या.), 94186 61758 (मो.)
**ई-मेल:** paintings.sjvn@gmail.com

**राज्य स्तर पर कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी:**

**नाम:** श्री दीपक जायसवाल
**पदनाम:** उप प्रबंधक (मा.सं.)
**पता:** एसजेवीएन लिमिटेड, शिमला-171006 (हि.प्र.)
**दूरभाष:** 93895 93004 (मो.)
**ई-मेल:** paintings.sjvn@gmail.com